कार्यालय पुलिस आयुक्त, दिल्ली, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली

संख्या–1508/ जनसम्पर्क शाखा, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली दिनांक 14 नवम्बर, 2019

सेवा में,

श्रीमान सम्पादक,
नवभारत टाइम्स, बहादरशाह जफ़र मार्ग,
नई दिल्ली–

विषयः– **'ऑपरेशन लंगड़ा' भी कम नहीं कर पा रहा स्ट्रीट क्राइम ।**

महोदय,

कृपया दिनांक 13 नवम्बर, 2019 को आपके समाचार पत्र में उपरोक्त शीर्षक के अन्तर्गत छपी खबर का अवलोकन करें। **'ऑपरेशन लंगड़ा' भी कम नहीं कर पा रहा स्ट्रीट क्राइम''** शीर्षक तथ्यहीन हैं।

सर्वप्रथम, स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली पुलिस की तरफ से ''ऑपरेशन लंगड़ा'' जैसा कोई अभियान अपराधियों को पकड़ने के संबंध में नहीं चलाया है। इसलिए दिल्ली पुलिस को ऑपरेशन लंगड़ा जैसे विशेषण से आपत्ति है।

यह संयोग है कि पिछले दिनों कुछ खूंखार अपराधियों की धर–पकड़ के दौरान जब अपराधियों ने पुलिस टीम पर गोलियाँ चलाई तो पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में गोलियाँ चलाई। अतः एक नियमित प्रक्रिया को ''ऑपरेशन लंगड़ा'' का नाम देना अनुचित है।

अतः उपरोक्त तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए आपसे अनुरोध है कि संबंधित संवाददाता को उचित निर्देश दें ताकि भविष्य में ऐसी संवदेनशील खबर प्रकाशित करने से पूर्व किसी अधिकृत पुलिस अधिकारी से तथ्यों की पुष्टि करें। साथ ही साथ आपसे आग्रह है कि इस स्पष्टीकरण को उचित स्थान पर प्रकाशित करने का कष्ट करें ताकि आपके पाठकों को सही तथ्यों की जानकारी मिल सके।

भवदीय,

14-11-19

(अनिल कुमार)
अतिरिक्त जनसम्पर्क अधिकारी
दिल्ली पुलिस, दिल्ली

14.11.19